H5N1 "बर्ड फ्लू"
फार्म कर्मचारियों के लिए मार्गदर्शन

एवियन इन्फ्लुएंज़ा A(H5N1) एक वायरस है। इसके कारण पक्षियों और अन्य जानवरों में एवियन फ्लू या "बर्ड फ्लू" नामक बीमारी होती है। बर्ड फ्लू का वायरस संक्रमित पक्षियों और अन्य जानवरों के दूध, मल (शौच) और अन्य शारीरिक द्रवों में पाया जाता है। अगर लोग संक्रमित पक्षियों और अन्य जानवरों, या संदूषित सामग्री के संपर्क में आएं, तो उन्हें बर्ड फ्लू हो सकता है।

बर्ड फ्लू के लक्षणों में ये शामिल हो सकते हैं। हो सकता है कि आपको एक ही लक्षण हो – या फिर कोई भी न हो।


आखों का लाल होना/जलन/ पानी आना

खाँसी

गले में खराश

बहती या बंद नाक

माँसपेशियों या शरीर का दर्द

सिरदर्द

थकान


साँस लेने में मुश्किल

बुखार

दस्त

फार्म कर्मचारी खुद की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं:

1. दिन भर बीमार जानवरों के साथ काम करने के बाद और खाने से पहले, अपने हाथ धोएं। अपने चेहर और मुँह को छूने से बचें।
2. कच्चा दूध या कच्चे दूध के बने उत्पाद न पिएं।

3. बीमार या मरे हुए पक्षियों और मवेशी, खासकर गायों के साथ काम करते वक्त निजी सुरक्षात्मक उपकरण (personal protective equipment, PPE) पहनें। जब आप दूध, मल (शौच) या वायरस से संदूषित हो सकती है ऐसी अन्य सामग्री को संभाल रहे हों, तब इसे पहने। PPE में ये चीज़ें शामिल हैं:



सुरक्षा गोगल्स या फेस शील्ड



N95 मास्क या N95 रेस्पीरेटर


दस्ताने

जूते


द्रव-रोधी कवरऑल

अगर आपके काम के लिए आवश्यक हो, तो जलरोधी एप्रन



सिर के लिए आवरण या बालों के लिए आवरण

अगर कोई आपसे कहे कि आप बर्ड फ्लू के संपर्क में आए थे, तो क्या करें:

- अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करें।
- बीमार या संक्रमित जानवरों के साथ काम करते वक्त आपको हों ऐसे किन्हीं भी लक्षणों को ध्यान में रखें। इन जानवरों के साथ काम करना बंद करने के बाद 10 दिन तक उन पर ध्यान रखना जारी रखें।

अगर आपको अपनी तबियत खराब लगने लगे और आपको बर्ड फ्लू के लक्षण हों, तो:

- फार्म के मालिक और अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को तुरंत बताएं।
- यथा संभव दूसरे लोगों से दूर रहें।
- मास्क पहनें।
- चिकित्सा देखभाल पाने जाने से पहले अग्रिम में कॉल करें। उन्हें बताएं कि आप संभवत: बर्ड फ्लू के संपर्क में आए थे/आई थीं।

मार्गदर्शन के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए:

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health) की वेबसाइट

www.health.ny.gov/diseases/communicable/influenza/avian/

बर्ड फ्लू या परीक्षण करवाने के तरीके के बारे में प्रश्नों के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें:

www.health.ny.gov/contact/contact_information/

फार्म कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सेवा यहाँ उपलब्ध है:

www.health.ny.gov/environmental/workplace/clinic_network.htm

NEW YORK STATE | Department of Health

Cornell Cooperative Extension
Central New York Dairy, Livestock and Field Crops